भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने वित्तीय सलाहकार एव वरिष्ठ लेखाधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संम्पति के मामले में मुकदमा दर्ज कर सर्च अभियान में मिली अकूत सम्पत्ति

जयपुर, 2 अगस्त। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय इन्टेलिजेन्स शाखा कि गोपनीय सूचना के आधार पर आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में ब्यूरो मुख्यालय पर आदिवासी क्षेत्र विकास निगम उदयपुर (टीएडी) में पदस्थापित वित्तिय सलाहकार भारती राज एव यू.आई.टी. उदयपुर में पदस्थापित रमेश बावरी वरिष्ठ लेखाधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आज एसीबी की सात टीमों द्वारा कुल सात जगहों पर सर्च अभियान में मिली बेनाम [redacted] अकूत संम्पति।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी के निर्देशन में 31 जुलाई को आदिवासी क्षेत्र विकास निगम उदयपुर (टीएडी) में पदस्थापित वित्तिय सलाहकार भारती राज एवं यू.आई.टी. उदयपुर में पदस्थापित वरिष्ठ लेखाधिकारी रमेश बावरी के विभिन्न स्थानों पर की गयी सर्च कार्यवाही जो निम्नांकित है–

रमेश बावरी वरिष्ठ लेखाधिकारी के सर्च कार्यवाही में निम्नलिखित नगद राशि एवं संम्पति सें संबधिंत दस्तावेज मिलें–

5 लाख 47 हजार रूपयें की नकद राशि बरामद की गयी एवं सोने–चांदी के आभूषण मिले जिनकी अनुमानित किमत 1 लाख 40 हजार है

1. उदयपुर स्थित बेडनपाड़ा ग्रांम में 2.45 हैक्टेयर कृषि भूमि के कागजात मिले।
2. उदयपुर शहर मे 80 फीट रोड़ में सेक्टर 9 में 3 भूखण्ड जिनमें एक में स्वंय रहता है दूसरे में एक स्कूल संचालित है तथा तीसरे में 5 से 7 दुकानें है व सेक्टर 9 में एक अन्य मकान के कागजात मिले।
3. उदयपुर स्थित तितरड़ी ग्रांम में 0.34 हैक्टेयर कृषि भूमि एवं 1 मकान के कागजात मिलें।
4. खटुकड़ा रेल मगरा में 6 बीघा 1 बिस्वा कृषि भूमि के कागजात मिले।
5. चौगान योजना स्कीम के व्यवसाय कॉम्पलेक्स उदयपुर में तीसरी मंजिल पर एक दुकान।

6. गड़वात ऋषभदेव में 0.955 हैक्टेयर जमीन जो एसटी की होने के कारण पत्नि के नाम रहननामा कर रखा है जिसमें होटल संचालित है।

7. जयपुर विद्याधर नगर में 1 दुकान है।

8. जयपुर हाथोज में 1 प्लांट एवं संजय नगर (डीसीएम) में 1 मकान के कागजात मिले।

   समस्त चल–अंचल संम्पति की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 6 करोड़ रूपये है

आदिवासी क्षेत्र विकास निगम उदयपुर (टीएडी) में पदस्थापित वित्तिय सलाहकार भारती राज के विभिन्न स्थानों सर्च कार्यवाही के दौरान निम्नलिखति नगद राशि एवं संम्पति से संबधिंत दस्तावेज मिलें–

1. उदयपुर स्थित पोश एरिये में निवास स्थान नवरत्न कॉम्पलेक्स
2. भुवाना स्किम में 500 वर्ग गज का भूखण्ड़।
3. पिछोला झील के पास होटल डाइन–11 के कागजात मिले
4. एक आवासीय भूखण्ड़ पुत्र के नाम कागजात
5. बीकानेर में 2 मंजिले शोरूम के कागजात
6. 50 लाख रूपयें के आरइसील के बॉन्ड के कागजात मिले
7. 3 लाख रूपये तीन लाईफ इन्शोरेन्स के कागजात मिले
8. 2.5 लाख के 2 टर्म प्लान पोलिसी के कागजात मिले
9. स्वंय के नाम विभिन्न बैंको में नकद व एफडीआर के रूप में 1 करोड़ 3 लाख रूपये के कागजात मिले
10. पिता के नाम विभिन्न बैंको में 97 लाख के एफडीआर मिली
11. 4 बैंक लॉकर के कागजात मिले जिसमें केनरा बैंक के 1 लॉकर में 30 लाख रूपयें की सोने की ज्वेलरी जो डायमण्ड़/रूबी एवं भानक से

जड़ित है एव शेष 2 लॉकर को खोला जाना बाकी है एवं 1 लॉकर खाली मिला

12. घर पर लगभग 8–10 लाख रूपये के सोने चॉदी के आभूषण मिलें
13. निवास स्थान से 250 डॉलर एव 500 यूरो विदेशी मुद्रा जप्त की गयी
14. पिछले 10 सालों में 21 देशों की निजी विदेश यात्रा की जिसके खर्चे के लगभग 20 लाख रूपये के दस्तावेज मिलें
15. एक आई–20 कार एवं स्कूटी के कागजात भी मिलें

चल–अचंल संम्पति की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 15 से 18 करोड़ रूपयें है।